एड्स

जल्दी जांच, जल्दी उपचार,

अपने स्वास्थ्य के लिये जांच करायें

Hindi 印度文

HIV एंटीबडी टेस्ट कराने से पहले, आपको पता होना चाहिए कि. . .

एड्स क्या हैं?

एड्स (संग्रहित रोगक्षम अपर्याप्तता के अभाव के लक्षण) **HIV** (मानव रोगक्षम अपर्याप्तता वायरस) से फैलता है। एक व्यक्ति संक्रमित हो जाने के बाद, वायरस धीरे-धीरे, मानव शरीर में CD 4 लिम्फोसाइट (सफेद रक्त कोशिकाओं का एक प्रकार) को नष्ट कर देता है, जिससे व्यक्ति की प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाता है, विभिन्न अवसरवादी संक्रमण और ट्यूमर हो सकता है, और अंत में मौत का कारण बन सकता हैं।

HIV कैसे फैलता है?

HIV मुख्यत: खून, वीर्य और योनि से होने वाले स्राव में मौजूद रहता है। हॉगकॉग में 70% से अधिक मामलों में यह यौन संपर्क के कारण फैला है (इसमें योनि संभोग, गुदा संभोग और मुख मैथुन भी शामिल है)। बाकी मामलों में यह ड्रग्स लेने वाले इंजेक्शन और HIV संक्रमित खून और खून के उत्पादों के चढाने के कारण है। संक्रमित माताओं के कारण भी यह विषाणु गर्भावस्था, डिलीवरी और दूध पिलाने के दौरान शिशुओं में फैल सकता है। HIV किसी से हाथ मिलाने, गले मिलने, गाल पर चुंबन करने, साथ में खाना खाने, स्कूल जाने या साथ में काम करने से **नहीं फैलता** है। न ही चिकित्सा में ऐसे कोई प्रमाण मिले हैं कि कीडों (जैसे मच्छार) के काटने से HIV होगा।

HIV एंटीबॉडी या रोग प्रतिकारक जांच क्या है?

HIV से संक्रमित होने के बाद आपके शरीर की प्रतिकारक शक्ति, इससे लडने के लिये रोग प्रतिकारक पैदा करती है। रोग प्रतिकारक का पता लगाने के बाद, HIV रोग प्रतिकारक जांच, इसका निदान कर सकती है कि आप संक्रमित हैं या नहीं। **पॉज़िटिव** टेस्ट परिणाम यह बताता है कि आप **संक्रमित** हैं और **संक्रमण काल के बाद नेगेटिव** परिणाम बताता है कि आप **संक्रमित नहीं** हैं।

संक्रमण काल क्या है?

HIV से संक्रमित होने और रोग प्रतिकारक जांच के पॉज़िटिव परिणाम दिखाने की बीच की अवधि को **संक्रमण काल** कहते हैं। HIV रोग प्रतिकारक जांच की अवधि तीन महीने होती है। इस अवधि के दौरान, संक्रमित व्यक्ति, HIV रोग प्रतिकारक जांच के नेगेटिव पाये जाने के बावजूद, अन्य लोगों में भी इस संक्रमण को फैला सकता है।

क्या मुझे HIV रोग प्रतिकारक जांच करानी चाहिये?

आपको या आपके यौन साथी को इनमें से यदि **कुछ** भी हुआ है तो आपको HIV रोग प्रतिकारक जांच करानी चाहिये: 1) यौन प्रसारित संक्रमण 2) असुरक्षित यौन संबंध अथवा 3) किसी के साथ सुई साझा की हो।

रैपिड HIV रोग प्रतिकारक जांच क्या है?

पारंपरिक HIV जांच (नस से खून लेना) में एक सप्ताह लगता है, जबकि रैपिड टेस्ट (फिंगर प्रिक या उंगली में सुई चुभोकर) में केवल 20 मिनट लगते हैं। रैपिड जांच खासतौर से पॉइंट-ऑफ-केअर सेटिंग में कारगर होते हैं जैसे, आपत-स्थिति में प्रसव के लिये देर से आई गर्भवती स्त्री की जांच। रैपिड जांच खतरे में पडे लोगों की जांच के दायरे को बेहतर करने में भी सहायता करती है, जैसे पहुंच से परे की स्थिति, उदाहरण के तौर पर, समलैंगिक सॉना।

यह कैसे किया जाता है?

खून लेने के लिये उंगली में सुई लगाना

जांच किट में लूप (खून से) लगाना

जांच परिणाम

महत्वपूर्ण टिप्पणी: रैपिड जांच मात्र एक स्क्रीनिंग टेस्ट है। किसी भी पॉज़िटिव रैपिड टेस्ट परिणाम के बाद पुष्टि के लिये लैबोरेटरी में नाडी से खून लेकर जांच करवायें।

शीघ्र जांच और शीघ्र इलाज के क्या लाभ हैं?

A) आपके लिये

कुछ लोग यह सोचकर HIV जांच कराने या उपचार कराने से परहेज़ करते हैं कि एड्स का कोई इलाज नहीं है। जबकि सच्चाई यह है कि आजकल **एंटीरेट्रोवायरल थेरेपी** प्रभावी ढंग से HIV को दबा सकती है, यदा -कदा होने वाले संक्रमण की रोकथाम कर सकती है और जीवित रहने की संभावना को बढा देती है।

B) आपके साथी के लिये

अध्ययन से यह सिद्ध हो चुका है कि यौन संबंधों से होनेवाले HIV संक्रमण को **एंटीरेट्रोवायरल थेरेपी** अच्छी तरह से रोक सकती है।

महत्वपूर्ण टिप्पणी: अपनी और अपने साथी की सुरक्षा के लिये यौन संबंध से पहले ठीक से कंडोम का प्रयोग करें और किसी से भी सुई साझा न करें।

सहायता के लिए मैं किससे संपर्क करूं?

यदि एड्स को लेकर आपके मन में कोई प्रश्न है या आप एंटीबॉडी (रोग प्रतिकारक) जांच कराना चाहते हैं, तो आप इस एड्स हॉटलाइन पर संपर्क करें: 2780-2211, नर्स सलाहकार आपके मिलने का समय तय कर देगी। जांच सेवा मुफ्त है तथा इसे गुमनाम और गोपनीय रखा जाता है।

संबद्ध जानकारी

- एड्स हॉटलाइन)कैंटोनीज़, अंग्रेजी और पुतुंग्वा(: (852) 2780 2211
- एड्स हॉटलाइन तागालॉग), वियतनामी और थाई(: (852) 2359 9112
- एड्स हॉटलाइन)हिंदी, इंडोनेशिया नेपाली और उर्दू(: (852) 2112 9980
- स्वास्थ्य विभाग की वेबसाइट: http://www.dh.gov.hk
- हॉंगकॉंग का वर्चुअल एड्स ऑफिस: http://www.aids.gov.hk
- एड्स हॉटलाइन वेबसाइट: http://www.27802211.com

रेड रिबन सेंटर
टेली: (852) 3143 7200
वेबसाइट: http://www.rrc.gov.hk
निर्मिति: रेड रिबन सेंटर – अन एड्स सहयोगी सेंटर, तकनीकी सहयोग, हॉंगकॉंग

PA/AS/16-09(O)/GEN-INF